हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 06 MIDDLE

एसआरएमएस किंग्स और साईं एकेडमी सेमीफाइनल में

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन गुरुवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। पहला मुकाबला साईं क्रिकेट एकेडमी ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर जीता और सेमीफाइनल में स्थान बनाया।

दूसरा क्वार्टर फाइनल एसआरएमएस किंग्स और अफरीदी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। एसआरएमएस किंग्स ने अफरीदी क्लब को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। आदर्श शर्मा ने अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर छक्का मार कर एसआरएमएस किंग्स को जीत दिलाई। किंग्स के लिए शिव कुमार राठी ने 47 गेंदों पर एक छक्के और सात चौकों की मदद से महत्वपूर्ण 63 रन की पारी खेली। राठी को ही मैन आफ द मैच चुना गया। पहले क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस एकेडमी को छह रन से हराने में योगदान देने वाले साईं एकेडमी के गेंदबाज लकी को मैन आफ द मैच चुना गया। लकी ने तीन ओवर में 16 रन देकर महत्वपूर्ण दो विकेट लिए।